**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 22.01.2025 समय : 0705

1. गणतंत्र दिवस समारोह और फुल ड्रेस रिहर्सल को देखते हुए श्री विजयपुरम में यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है।

2. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की एक सौ अट्ठाईसवीं जयंती कल देश में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाएगी। श्री विजयपुरम में पद यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

3. देश में सुकन्या समृद्धि योजना में चार करोड से अधिक खाते खोले गए।

4. तिहत्तरवें पुलिस स्थापना सप्ताह के तहत द्वीपों में विभिन्न समुदाय–केंद्रित कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में चौबीस जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल और छब्बीस जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह को देखते हुए यातायात व्यवस्था की गई है। उपराज्यपाल का काफिला फायर ब्रिगेड क्रॉसिंग, विकास भवन, स्काउट हट जंक्शन, वाई नारायण जंक्शन होते हुए सेल्यूलर जेल पहुंचेगा। सेल्यूलर जेल शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि समारोह के बाद, यह काफिला सेल्यूलर जेल, वाटर स्पोर्ट्स ट्राई–जंक्शन से होते हुए मरीना पार्क पहुंचेगा। 'पी' ग्रीन पार्किंग कार्ड धारक वाहनों को मरीना पार्क गेट के बच्चों के यातायात पार्क के पास पार्क करने होंगे।. 'पी' पिंक पार्किंग कार्ड धारक वाहनों को स्विमिंग पूल पार्किंग क्षेत्र में पार्क करना होगा। पी–एक कार्डधारक वाहनों को नेताजी स्टेडियम के भीतर और नेताजी स्टेडियम पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़े करने होंगे। ऐसे कार्डधारकों को तरणताल के आखिरी छोर के दाहिने ओर बैठने की अनुमति होगी। अन्य सभी वाहन जिनमें कोई पार्किंग लेबल नहीं होगा, उन्हें नेताजी स्टेडियम के भीतर बहुउद्देशीय सभागार के नजदीक वाहन खड़े करने होंगे। अबरडीन बाजार से साउथ प्वाइंट की ओर से आने–जाने वाले वाहनों को मॉडल स्कूल, ए.पी.डब्लू.डी कॉसिंग से मुरगन मंदिर के रास्ते शादीपुर जंक्शन तक जाना होगा। भारी वाहनों और बसों को सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े दस बजे के बीच बंगाली क्लब से गोलघर और जंगलीघाट के रास्तों का इस्तेमाल करना होगा। सुबह आठ बजे के बाद समारोह की समाप्ति और अतिथियों तथा परेड के प्रस्थान करने के बाद ही अन्य वाहनों को छोड़ा जाएगा। एम्बुलेंस तथा आपातकालीन

चिकित्सा के वाहनों को जी.बी. पंत अस्पताल जाने के लिए वाई–नारायण जंक्शन और सेल्यूलर जेल के रास्ते जाने की अनुमति रहेगी। यह मार्ग अन्य वाहनों के लिए सुबह आठ बजकर पांच मिनट से आठ बजकर पैंतीस मिनट तक बंद रहेगा। जी.बी. पंत अस्पताल के भीतर मौजूद वाहनों को सुबह सात बजे से लेकर दस बजे तक अस्पताल के पिछले द्वार से डिगनाबाद समुद्री सी–शोर के रास्ते जाने की अनुमति होगी। परेड में शामिल दस्ते को गर्ल्स स्कूल जंक्शन में उतारने के बाद ऐसे वाहनों को फायर ब्रिगेड की ओर जाना होगा और समाप्ति के बाद ही उन्हें अपने–अपने इकाईयों की ओर रवाना किया जाएगा।

<><><><><><><>

एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के अंतर्गत और भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशो के अनुसार मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा का स्थापना दिवस कल राजनिवास में मनाया गया। समारोह में मणिपुर और मेघालय के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में इन राज्यों पर आधारित एक लघु वृत्त चित्र दिखाया गया।

इस बीच द्वीपसमूह के शीतकालीन अध्ययन दौरे पर आए मसूरी के लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के अट्ठारह आई ए एस परीवीक्षाधीन अधिकारियों के दूसरे बैच ने कल राजनिवास में उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी से मुलाकात की।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की एक सौ अट्ठाईसवीं जयंती कल देश में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर श्री विजयपुरम में पद यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कल होने वाले पद यात्रा के संबंध में खेल सचिव एल कुमार ने कहा कि पद यात्रा सुबह आठ बजे फ्लैग प्वाइंट से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए नेताजी स्टेडियम में सम्पन्न होगी। इसमें भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों से सुबह साढ़े सात बजे तक फ्लैग प्वाइंट पर उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में सुकन्या समृद्धि योजना में चार करोड से अधिक खाते खोले गए हैं। यह योजना बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान के अंतर्गत बाईस जनवरी 2015 को शुरू की गई थी। वित्त

मंत्रालय के अनुसार इस योजना पर फिलहाल आठ दशमलव दो प्रतिशत की दर से ब्याज दिया जा रहा है। आज सुकन्या समृद्धि योजना के दस वर्ष पूरे हो रहे हैं।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर सर्किट कोर्ट की बैठक सत्ताईस जनवरी से दस फरवरी तक आयोजित की जाएगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सौगाता भट्टाचार्या और न्यायमूर्ति पार्था सारथी चैटर्जी मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

निकोबार जिला पुलिस की ओर से तिहत्तरवें पुलिस स्थापना सप्ताह के तहत जिले में विभिन्न समुदाय–केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य जनसंपर्क को मजबूत करना, शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, खेल भावना और सार्वजनिक सुरक्षा के महत्व को उजागर करना है। कार्यक्रम के तहत जन सहभागिता बढ़ाने के लिए जन संवाद और जन सुनवाई सत्र आयोजित किए गए। निकोबार ज़िला पुलिस अधीक्षक सनी गुप्ता, ने मिलडेरा, कच्छाल में आदिवासी समुदाय के साथ बातचीत में अवैध शराब पर अंकुश लगाने और समय पर शिकायत निवारण सुनिश्चित करने के लिए सहयोग पर जोर दिया। एकता और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए खेल गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए कार–निकोबार और कैम्पबेल बे में योग सत्र आयोजित किए गए, जिसमें तनाव प्रबंधन और स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान ज़िला प्रशासन की ओर से हाल ही में फरारगंज तहसील में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर बम्बूफ्लाट क्षेत्र में अनधिकृत कब्ज़े को हटाया गया। इस दौरान कुल दस वर्ग मीटर सरकारी भूमि को खाली कराया गया। राजस्व अधिकारियों की एक टीम ने कन्यापुरम गांव में भी कार्रवाई करते हुए अनधिकृत संरचना को हटाकर पांच सौ वर्ग मीटर सरकारी भूमि कब्ज़े से मुक्त करवाई। प्रशासन ने कहा कि सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण से कानून के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा।

<><><><><><><>

मायाबंदर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय चैनपुर का वार्षिक खेलकूद उत्सव कल मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के ए पी डब्ल्यु डी के कार्यकारी अभियन्ता एल. के. जी. राजवल्ली मुख्य अतिथि थीं। स्कूल की उप–प्रधानाचार्या ज्योति जोश लकड़ा ने उपस्थिति का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने लड़कियों की दो सौ मीटर दौड़ और अन्य स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। समापन समारोह में क्षेत्र की प्रधान और टुगापुर के ए पी डब्ल्यु डी के सहायक अभियन्ता भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

गाराचरमा में ट्रांसफार्मर को बदलने के कार्य के चलते आज बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। न्यू बिम्बलीटान, गाराचरमा, कार्बाइन्स कोव, बिडनाबाद के कुछ क्षेत्रों में आज दोपहर साढ़े बारह बजे तक बिजली की कटौती की जाएगी। उधर, बिजली के खंभों को स्थापित किए जाने के कारण कल बम्बूफ्लाट से विम्बर्लीगंज के क्षेत्रों में सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर ढ़ाई बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने कहा है कि देश की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था आठ अरब डॉलर की हो चुकी है और इसके अगले दशक में चवालिस अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। डॉक्टर सिंह ने कहा कि स्वदेशी गगनयान मिशन, वर्ष 2027 में चन्द्रयान–4 मिशन, वर्ष 2028 में शुक्रयान मिशन और वर्ष 2030 में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन भारत की शानदार यात्रा को प्रदर्शित करते हैं।

<><><><><><><>